PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Fri, 16 Jun 2017, Page 15
Width: 10.89 cms, Height: 17.09 cms, a4, Ref: 38.2017-06-16.133

सांप्रदायिक हिंसा जैसे अपराधों से अब नए विभाग निपटेंगे

नई दिल्ली, प्रेट्र : सांप्रदायिक हिंसा, युवाओं में बढ़ती कट्टरता और साइबर अपराधों से अब केंद्र के नए विभाग निपटेंगे। इनका गठन गृह मंत्रालय करेगा। गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अपने मंत्रालय से संबद्ध संसद सदस्यों की सलाहकार समिति की बैठक के दौरान ऐसे संकेत दिए।

राजनाथ ने सदस्यों को बताया कि यह पहली बार है कि मंत्रालय के नवीनीकरण और पुनर्गठन पर परामर्शदात्री समिति के सुझाव मिल रहे हैं। सरकारी बयान के अनुसार, राजनाथ ने कहा, पिछले 70 साल के दौरान मंत्रालय के ढांचे और प्रक्रियाओं में कुछ बदलाव हुए हैं, लेकिन फिर भी विस्तृत चर्चा शुरू और गृह मंत्रालय को पुनर्गठित करने के लिए नए विचारों की आवश्यकता है। यह तेजी से बदलते सुरक्षा के माहौल और साइबर अपराध जैसे बढ़ते खतरों से निपट सकता है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय अन्य मुद्दों के साथ सांप्रदायिक हिंसा और युवाओं में फैलती कट्टरता की भावना को भी बढ़ते खतरों के रूप में देखता है। राजनाथ ने बताया कि यह एक शुरुआत है। यदि आवश्यक हुआ तो आगे भी चर्चा की जाएगी। मालूम हो, राज्यों के विभागों और जम्मू व कश्मीर के विभाग तथा सीमा प्रबंधन जैसे 21 खंडों सहित गृह मंत्रालय में छह विभाग हैं। बैठक के दौरान सांसदों ने मौजूदा कार्यभार तथा आतंकवाद व नारकोटिक्स जैसे मुद्दों से निपटने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं की आवश्यकता के बारे में बताया।

आंतरिक सुरक्षा पर गृह मंत्रियों की बैठक टली

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने आंतरिक सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए तीन जुलाई को नई दिल्ली में सभी राज्यों के गृह मंत्रियों की एक बैठक बुलाई थी। यह बैठक अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गई है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बैठक टालने का न तो कोई कारण और न ही नई तारीख बताई है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि कुछ गैर भाजपा शासित राज्यों की अनिच्छा के कारण शायद बैठक को टाला गया है। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति, आतंकवाद, माओवादी हिंसा सहित अन्य मुद्दों पर विचार किए जाने की उम्मीद थी।